सुविचार मौन महान शक्ती का स्त्रौत है।

डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष -२ अंक -४२ सोमवार –१४/०४/२०२५ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### तहव्वुर का पत्यार्पण भारत की बडी कुटनीतिक जीत

26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कानूनी और कूटनीतिक सफलता है। इस कदम से हमले के पीड़ितों को न्याय मिलने की उम्मीद है और पाकिस्तान पर आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बढ़ेगा। राणा के खुलासे से जांच को नई दिशा मिलने की संभावना है।


मुंबई पर आतंकी हमला साल 2008 में हुआ था। 16 साल से ज्यादा वक्त बीत गया, लेकिन उसका दर्द अब भी है। वजह कि सारे दोषियों को आज तक भी उनके किए की सजा नहीं मिल सकी है। कई दोषी सीमा पार शरण लिए हुए हैं। इस लिहाज से राणा का प्रत्यर्पण बहुत बड़ी सफलता है। इसके पीछे भारत सरकार और उसके उन अफसरों की कड़ी मेहनत है, जो 2019 से ही राणा को भारत लाने के प्रयास में जुटे थे।

तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इस हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है। हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी–उर–रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम से एजेंसीज पूरा सच जान सकती हैं। इससे पाकिस्तान पर प्रेशर बनाया जा सकेगा कि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का दिखावा न करे, बल्कि हकीकत में कदम उठाए। चूंकि मुंबई अटैक में 6 अमेरिकी नागरिकों की भी जान गई थी, इसलिए इस्लामाबाद पर वॉशिंगटन का भी दबाव होगा। राणा ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी अदालतों में तमाम दलीलें दीं। यहां तक कहा कि एक अपराध के लिए दो बार सजा नहीं दी जा सकती, लेकिन भारत ने बखूबी उसका काउंटर किया। इससे संदेश गया है कि मानवता के गुनहगार कानून को ढाल बनाकर लंबे समय तक बच नहीं सकते। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इस साल फरवरी में ही कह दिया था कि मुंबई आतंकी हमले के लिए राणा को भारत में न्याय का सामना करना पड़ेगा।

## वक्फ पर जलता बंगाल -हिंसा उग्र रूप पर , धुलियान में पाँच सौ लोगो का पलायन , घर दुकाने जलाई ,पानी मे मिलाया जहर हिंसा ग्रस्त क्षैत मे 1600 जवान तैनात

**11-12 अप्रेल को मुर्शिदाबाद में हिंसक प्रर्दशन हुआ जिसके बाद वहा से हिंदुओ का पलायन शुरू हुआ।**

वक्फ कानून के विरोध में शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। गाड़ियां जलाईं, दुकानों–घरों में तोड़फोड़ कर लूट भी की गई। अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 15 पुलिसकर्मी घायल हैं। 150 लोग गिरफ्तार किए गए हैं।पश्चिम बंगाल में 10 अप्रैल से हिंसा जारी है। केंद्र सरकार ने हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं। इनमें 300 बीएसपी जवान हैं। कुल 21 कंपनियां तैनात की गई हैं।हिंसाग्रस्त इलाकों में इंटरनेट बैन है। बीएनपी की धारा



163 भी लागू है।इधर, मुर्शिदाबाद के धुलियान से करीब 500 लोग पलायन कर गए हैं।इनसभी ने नदी पार मालदा के वैष्णवनगर में एक स्कूल में शरण ली है। इन लोगों का आरोप है कि उनके घरों में तोड़फोड़–आगजनी की गई। पीने के पानी में जहर मिला दिया गया है। ये किसी तरह बीएसएफ की मदद से वहां से बचकर आए हैं। वहीं, नए वक्फ कानून को लेकर दिल्ली में जमीयत उलेमा–ए–हिंद की कार्यकारी समिति ने एक बैठक की। वहीं एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने आज कहा– वक्फ कानून असंवैधानिक है। बीजेपी वक्फ बोर्ड पर कब्जा करना चाहती है। वक्फ कानून से किसी की भलाई नहीं होगी।सुवेंदु अधिकारी ने हिंसा की जांच एनआईए से कराने की मांग की पश्चिम बंगाल में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी ।

## कटनी में आयुष विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन ।

**शिविर में संक्रमित रोगो की पहचान,रोकथाम नियंत्रण एवं प्रबंधन शिविर आयोजीत**

**अभीलाष तिवारी कटनी @** (11 अप्रैल ) – राष्ट्रीय आयुष मिशन के निर्देशानुसार कटनी जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरन मेहगवां मुरवारी एवं कछगवा जोबा में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) परिसर में निर्धारित थीम षौर–संकमित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन अतंर्गत 15अप्रैल को प्रातः 9 बजे से शाम 5बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा ।शिविर में गैर–संक्रमित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन व स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं आहार–विहार, दिनचर्या, योगाभ्यास आदि एवं अन्य बीमारियों जैसे– आमवात ,संधिवात, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि रोगों का निशुल्क इलाज एवं औषधि वितरित की जावेगी।

## काशी गैंगरेप मामले मे बडा खुलासा चौदाह लडको के मोबाइल मे 546 लडकियों की न्युड तस्वीरी , मास्टरमाइंड अनमोल के केफै पर बनाए गए विडियो

**पीएम मोदी काशी एयरर्पाट पहुचने पर पुलिस कमिश्नर से घटाना कि जानकारी ली मोदी ने कहा कोई दोषी बचना नही चाहिए।**

वाराणसी में छात्रा से गैंगरेप केस की जांच ने मामले को एक बड़े सेक्स रैकेट की तरफ मोड़ दिया है। अरेस्ट हुए 12 लड़कों के मोबाइल में 546 लड़कियों के न्यूड वीडियो मिले हैं। जिन नंबरों पर इन वीडियो को शेयर किया गया है, उनकी लोकेशन यूपी के साथ 6 राज्यों में मिली है। इस वारदात का मास्टरमाइंड और कांटिनेंटल कैफे का मालिक अनमोल यूपी के साथ ही महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु तक लड़कियों को भेज रहा था।

शुक्रवार को पीएम मोदी काशी पहुंचे तो एयरपोर्ट पर उतरते ही पुलिस कमिश्नर से इस पूरी घटना को लेकर सवाल जवाब किए। मोदी ने अफसरों को कहा कि कोई भी दोषी बचना नहीं चाहिए। पुलिस इस मामले में जल्द कुछ हाईप्रोफाइल लोगों की अरेस्टिंग कर सकती है। अनमोल के 2 आईफोन में कस्टमर का डेटा – सेक्स रैकेट के मास्टरमाइंड अनमोल गुप्ता के पास से पुलिस को 2 आईफोन मिले थे। पुलिस कस्टडी में दोनों मोबाइलपासवर्ड के जरिए ओपन किए गए। इसमें आईज और फिंगर पासवर्ड लगे हुए थे। उसके फोन में लड़कियों की न्यूड से लेकर आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो मिले हैं।

ज्यादातर तस्वीरें उसके कॉन्टिनेंटल कैफे के अंदर की हैं।ऐसा माना जा रहा है कि ये वीडियो अनुपम अपने कस्टमर को भेजता था। साथ ही, नए जुड़ने वाले लड़कों को भी ये कंटेंट दिया जाता था। ताकि इसे दिखाकर वह नए लोगों को कैफे तक ला सके।

## तमिलनाडु गवर्नर ने कॉलेज मे लगवाए जय श्रीराम के नारे ।

गवर्नर आरएन रवि त्यागराज इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन इवेंट में चीफ गेस्ट थे। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने मदुरै में एक कॉलेज इवेंट में छात्रों से श्जय श्री रामश का जयकारा लगाने को कहकर विवाद खड़ा कर दिया है। शनिवार को मदुरै में एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रवि ने अपने संबोधन के आखिर में छात्रों से जयकारा लगाने के लिए कहा। तमिलनाडु के गवर्नर का यह वीडियो के सामने आने के बाद सभी पार्टियों ने उनकी आलोचना की है।

## केरल के राज्यपाल बोले संविधान में बिल पर निर्णय लेने की समय सीमा नही

केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ज्यूडिशियल ओवररीच बताया है। ज्यूडिशियल ओवररीच का मतलब कोर्ट का सीमा पार कर कार्यपालिका और विधायिका में दखल होता है। उन्होंने आगे कहा, कोर्ट संविधान संशोधन करेगा, तो संसद और विधानसभा की क्या भूमिका रहेगी? केरल राज्यपाल ने कहा– संविधान में गवर्नर के लिए विधेयकों पर निर्णय लेने की समय सीमा नहीं है। कोर्ट द्वारा 3 महीने की सीमा तय करना संविधान संशोधन जैसा है। दो जज संविधान का स्वरूप नहीं बदल सकते। न्यायपालिका खुद मामलों को वर्षों लंबित रखती है, ऐसे में राज्यपाल के पास भी कारण हो सकते हैं।उन्होंने कहा, केरल राजभवन में कोई बिल लंबित नहीं है। कुछ बिल राष्ट्रपति को भेजे गए हैं। गौरतलब है कि केरल सरकार भी इस मामले में सुप्रीम कोर्ट गई है, जिस पर 13 मई को सुनवाई है।

## तहव्वुर राणा की मंजुरी से राणा के वॉयस सैपल लेगी एनआईए ,अठ्ठरह दिन की कस्टडी में रहेगा आतंकी राणा

**२००८ मे मुम्बई हमले का मास्टर माईड है अतंकी तहवुर राणॆ**



हव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी रविवार को तीसरे दिन पूछताछ करेगी। 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के वॉयस सैंपल लिए जा सकते हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी पता लगाएगी कि क्या तहव्वुर नवंबर 2008 के हमलों के दौरान फोन पर निर्देश (इंस्ट्रक्शन) दे रहा था। वॉयस सैंपल लेने के लिए तहव्वुर की सहमति जरूरी होगी। मना करने पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी कोर्ट जा सकती है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी की पूछताछ में एक श्कर्मचारी बीश का नाम आया है, इसने राणा के कहने पर हेडली के लिए ऑपरेशन और लॉजिस्टिक में मदद की थी। अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी राणा और कर्मचारी बी को आमने–सामने बिठाकर पूछताछ करेगी। एजेंसी के मुताबिक श्कर्मचारी बीश को आतंकी साजिश की जानकारी नहीं थी। वह सिर्फ राणा के निर्देश पर हेडली के लिए रिसेप्शन, ट्रांसपोर्ट, ठहरने की जगह और ऑफिस की व्यवस्था करता था। डेविड हेडली मुंबई हमले का मास्टरमाइंड था।

## एमपी में सहकारीता सम्मेलन मे शामिल अमित शाह ने कहा सहकारी समितियाँ अब पेट्रोल पंप चालाएगी ,गैस बाँटेगी

**सीएम मोहन यादव ने शाह को रामलला की मुर्ती भेट की ।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान मध्यप्रदेश दुग्ध संघ और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (छक्क्ठ) के बीच एमओयू हुआ। इसके साथ ही एमपी के छह दुग्ध संघों और एनडीडीबी के बीच छह अलग–अलग एमओयू भी किए गए। शाह ने कहा कि देश में सहकारी समितियां अब पेट्रोल पंपों का संचालन करेंगी और रसोई गैस वितरण भी संभालेंगी। सहकारिता सेक्टर में मध्य प्रदेश में काफी संभावनाएं हैं, जिस पर काम करने की जरूरत है।लंच के लिए सीएम हाउस पहुंचे शाह का सीएम मोहन यादव और दोनों डिप्टी सीएम ने स्वागत किया



शाह बोले– सहकारिता में काफी काम करने की जरूरत

सम्मेलन को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा– मध्य प्रदेश के अंदर कृषि, पशुपालन और सहकारिता क्षेत्र में अधिक संभावनाएं हैं।




डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA


खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













(1) गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/

(2) होम पेज पर केटेगिरी मे जाए

(3) ई-पेपर केटेगिरी चुने


(4) समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।



# ट्रम्प की हत्या के लिए युवक ने माता-पिता को घर मे मारी गोली ,युवक फायनेशियली इंडिपेन्ट होना चाहता था।

**17 वर्षीय युवक हिटलर से प्रेरित था । ओर युवक पुलिस गिरफ्त में है**




मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अधिकारियों ने कोर्ट में बताया कि निकिता कैसाप नाम का यह युवक राष्ट्रपति ट्रम्प की हत्या करना चाहता था, इसके लिए उसे पैसे और संसाधनों की जरूरत थी। जांचकर्ताओं को उसके पास से कुछ लिखित दस्तावेजों और टेक्स्ट मैसेज मिले हैं, जिनमें राष्ट्रपति की हत्या और अमेरिकी सरकार को उखाड़ फेंकने के अपील की गई है। वाउकेशा काउंटी अदालत के अनुसार, कैसाप पर 9 आरोप हैं, जिनमें हत्या के दो मामले और शव छिपाने के दो मामले शामिल हैं। इसके अलावा तीन मामले राष्ट्रपति की हत्या, षडयंत्र और मास डिस्ट्रक्शन के हथियारों का इस्तेमाल करने की साजिश के हैं। अभी तक कैसाप के वकीलों ने इस मामले पर मीडिया से कोई बात नहीं की है। ट्रम्प की हत्या से जुड़ा लेटर और तस्वीरें मिलीं – आरोपी की मां तातियाना कैसप और उनके सौतेले पिता डोनाल्ड मेयर अपने घर के अंदर गोली लगने से मृत पाए गए। अधिकारियों का मानना छ्है कि उनकी हत्या 11 फरवरी को की गई थी। पुलिस ने शुरू में कैसाप को अपने सौतेले पिता की चुराने और बंदूक रखने के आरोप में गिरफ्तार किया था। कैसाप के फोन पर द ऑर्डर ऑफ नाइन एंगल्स से जुड़ी सामग्री मिली है,

# रूस का युक्रेनी शहर पर बैलिस्टिक मिसाईल से हमला, इक्कीस लौगो को मौत ,सडक पर बिखरे शव , दुसरे दिन भी हमला जारी

**दो दिन पहले अमेरिकी दुत स्टीव विटकॉफ सीजफायर पर बातचीत के लिए रूसी दौरे पर गए थे।**




रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। इसमें 21 लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले का वीडियो एक्स पर शेयर किया है। इस वीडियो में मारे गए लोगों के शव सड़क पर बिखरे हुए दिखाई पड़ रहे हैं। इस दौरान एक शख्स दूसरे घायल शख्स को उठाकर ले जाता हुआ भी दिखाई दिया। यूक्रेन पर रूस का यह हमला तब हुआ है, जब 2 दिन पहले ही अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ सीजफायर पर बातचीत करने के लिए रूस के दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने पुतिन से बात भी कीथी। यूक्रेन में भारतीय दवा गोदाम पर रूस का मिसाइल अटैक – यूक्रेन पर शनिवार को रूसी मिसाइल हमले में एक भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनी कुसुम के गोदाम में आग लग गई।

भारत में स्थित यूक्रेनी दूतावास ने आरोप लगाया कि रूस ने जानबूझकर राजधानी कीव में भारतीय गोदाम को निशाना बनाया है। यूक्रेनी दूतावास ने कहा– आज रूस ने यूक्रेन में भारतीय कंपनी कुसुम के गोदाम पर मिसाइल से हमला किया। भारत के साथ खास दोस्ती का दावा करने वाला रूस जानबूझकर भारतीय कंपनियों पर हमले कर रहा है।

# इजराइल ने सेंट्रल गाजा में हवाई हमले किए,मिसाईलों से अस्पताल को निशान बनाया हमले में इमरजेंसी वॉर्ड तबाह

**बंधको को रिहा कराने के लिए इजराइल ने गाजा पर हमला किया ।**



इजराइल ने शनिवार देर रात सेंट्रल गाजा में हवाई हमले किए है। इन हमलों की चपेट में स्थानीय अस्पताल भी आ गया। अल–अहली अरब बैपटिस्ट अस्पताल के कर्मचारियों के मुताबिक परिसर के भीतर एक बिल्डिंग पर दो मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में इमरजेंसी और रिसेप्शन डिपार्टमेंट पूरी तरह तबाह हो गया है। हमले में आस–पास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक हमले से कुछ देर पहले एक फोन कॉल आई थी। इसमें उनसे इमारत को तुरंत खाली करने के लिए कहा गया ता। इसके तुरंत बाद यह हमला हुआ। हमले पर इजराइली सेना की तरफ से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इससे पहले इजराइल ने दावा किया था कि इस इलाके से उसके ऊपर रॉकेट दागा गया था। इजराइल ने गाजा के राफा को घेरा रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि इजराइली डिफेंस फोर्स ने मोरागकॉरिडोर पर कब्जा कर लिया है, जिससे राफा का गाजा पट्टी से संपर्क टूट गया है। मोराग कॉरिडोर दक्षिणी गाजा में एक रास्ता है जो उसे गाजा पट्टी से अलग करता है। काट्ज ने गाजा के लोगों को धमकी देते हुए कहा कि यह हमास को भगाने और सभी बंधकों को रिहा कर जंग को खत्म करने का आखिरी मौका है।

# टॉप-सीक्रेट मिशन के तहत फ्लाईट में अधिकारीयो द्वारा हाथ पकडकर भारत लाया गया आतंकी तहब्बुर राणा

**राणा 2008 मुंबई आतंकी हमले को मास्टर माईड है।**



2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड 64 साल के तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया। राणा का प्रत्यर्पण टॉप–सीक्रेट मिशन ऑपरेशन राणा के तहत हुआ।

ऑपरेशन के दौरान जब राणा को अमेरिका से फ्लाइट में भारत लाया जा रहा था, जब एनआईए का एक अधिकारी पूरे रास्ते उसका हाथ पकड़कर बैठा रहा। ऐसा इसलिए ताकि तहव्वुर राणा खुद को कोई नुकसान न पहुंचा सके।राणा अभी 18 दिन की एनआईए कस्टडी में है, जहां उससे पूछताछ की भारत लाए जाने के बाद उसे दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया था। जहां एनआईए ने उसकी कस्टडी मांगी थी। राणा ने मुंबई 26/11 अटैक के मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली की मदद की थी। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए।

# अमेरिका ट्रेड वॉर के बीच चीन की नई पहल ,चीन बोला भारतीय दोस्तों को हमारे यहा स्वागत है।

**इस साल 85 हजार इंडियंस को वीजा जारी करा गया ।**




अमेरिका से जारी ट्रेड वॉर के बीच चीन भारतीय पर्यटकों को लुभाने की भरसक कोशिशों कर रहा है। भारत स्थित चीनी दूतावास और कॉन्सुलेट्स ने 9 अप्रैल तक 85,000 से ज्यादा भारतीय नागरिकों को वीजा जारी किए हैं। भारत में चीनी राजदूत शू फेइहोंग ने ज्यादा से ज्यादा भारतीयों से चीन आने और देश घूमने की अपील की। उन्होंने एक्स पर लिखा– 9 अप्रैल, 2025 तक भारत में चीनी दूतावास और कॉन्सुलेट्स ने चीन विजिट करने वाले भारतीय नागरिकों को 85,000 से ज्यादा वीजा जारी किए हैं। चीन आने वाले ज्यादा से ज्यादा भारतीय दोस्तों का स्वागत है, ताकि वे सुरक्षित और दोस्ताना चीन को जान सकें।


ऑनलाइन अपॉइंटमेंट की जरूरत नहींरू चीनी वीजा के लिए अप्लाई करने वाले भारतीयों को अब अनिवार्य तौर पर ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने की जरूरत नहीं होगी। इससे वीजा एप्लिकेशन प्रोसेस तेज और आसान हो जाएगी। बायोमेट्रिक छूट– अगर भारतीय नागरिक शॉर्ट टाइम के लिए चीन की यात्रा करना चाहते हैं तो उन्हें अब अपना बायोमेट्रिक डेटा पेश करने की जरूरत नहीं है, जिससे वीजा प्रोसेस का समय कम हो जाता है। तेज और आसान प्रोसेस– चीन ने वीजा अप्रूवल सिस्टम तेज करने के लिए अप्रूवल समय–सीमा को भी आसान कर दिया है, जिससे प्रोसेस तेज हो गई है।

वीजा शुल्क में कटौती– चीन में अधिक भारतीय पर्यटकों को अपने देश बुलाने के लिए वीजा शुल्क में भी कटौती की है। टूरिज्म का प्रमोशन– भारत में चीनी दूतावास ज्यादा से ज्यादा भारतीय यात्रियों को आकर्षित करने के लिए चीनी टूरिज्म को बढ़ावा दे रहा है।

# हार्वड के प्रोफेसर्स ने ट्रम्प पर केस किया , आरोप यहुदी विरोधी नफरत रोकने मे नाकम

शनिवार को हार्वर्ड कैंपस के पास केमब्रिज में सैकड़ों छात्रों, प्रोफेसरों और केमब्रिज की मेयर डेनिस सिमंस ने इस कदम के खिलाफ प्रदर्शन किया। अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया है।प्रोफेसर्स के दो ग्रुप ने यूनिवर्सिटी फंड को रोकनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया है। ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डॉलर के फंड की समीक्षा कर रहा है। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया है कि ट्रम्प का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट (प्रथम संशोधन) का उल्लंघन करता है। प्रोफेसर्स ने आरोप लगाया है कि यूनिवर्सिटी फंड में कटौती करना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। कोर्ट में दायर याचिका में ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगाने की मांग भी की गई है।

# फेसबुक स्टोरी पर इंसानी हड्डिया बैचने वाली फ्लोरिडा की महिला गिरफ्तार




अमेरिका के फ्लोरिडा की रहने वाली 52 साल की महिला किम्बरली शॉपर को मानव अवशेषों की खरीद और बिक्री के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। किम्बरली ने अपने बिजनेस शविकेड वंडरलैंडश और फेसबुक मार्केटप्लेस के जरिए इंसानी हड्डियों और खोपड़ी की बिक्री की थी।द ऑरेंज सिटी पुलिस विभाग के मुताबिक, शॉपर पर मानव ऊतकों यानी ह्यूमन टिश्यू के व्यापार का आरोप लगाया गया है, जो फ्लोरिडा कानून के तहत अवैध है। पुलिस ने बताया कि शॉपर ने कहा कि उसे लगा था कि 'एजुकेशनल मॉडल' के तहत हड्डियों को बेचना कानूनी तौर पर वैध है।द

पुलिस ने दिसंबर 2023 में जांच शुरू हुई जब उन्हें सूचना मिली कि एक स्थानीय व्यवसाय मानव अवशेषों की बिक्री कर रहा है। सूचना देने वाले व्यक्ति ने किम्बरली के स्टोर के फेसबुक पेज से स्क्रीनशॉट शेयर किए, जिनमें अलग–अलग इंसानी हड्डियों और उनकी कीमत लिखी थी।

खबरों के लिए लोगिंन करे

https://sbpatra.in/

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा